लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4227
13 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

एकीकृत वस्त्र पार्क

4227. श्री गुरजीत सिंह औजलाः
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पंजाब राज्य में और अधिक एकीकृत वस्त्र पार्क योजनाएं (एसआईटीपी) स्थापित करने का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अमृतसर शहर हेतु कोई एसआईटीपी विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): जी नहीं। अमृतसर, पंजाब में वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव वस्त्र मंत्रालय में विचारार्थ लंबित नहीं है। तथापि, सरकार एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) कार्यान्वित कर रही है, जिसमें प्रत्येक वस्त्र पार्क के लिए 40 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा के साथ वस्त्र इकाईयों की स्थापना करने के लिए विश्वस्तरीय अवसंरचना सुविधाओं के सृजन हेतु परियोजना लागत का 40% तक भारत सरकार के अनुदान और अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और जम्मू व कश्मीर राज्यों (प्रत्येक) में प्रथम 2 परियोजनाओं के लिए परियोजना लागत का 90% तक भारत सरकार का अनुदान प्रदान किया जाता है। स्थानीय उद्योग, वित्तीय संस्थाओं, राज्य औद्योगिकी और अवसंरचनात्मक निगमों तथा कंपनी अधिनियम के अंतर्गत कॉर्पोरेट निकाय के रूप में पंजीकृत राज्य और केंद्रीय सरकार की अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा गठित विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) अपने प्रस्ताव सीधे मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत करेंगे। एसआईटीपी एक मांग आधारित योजना है। वस्त्र मंत्रालय द्वारा एसआईटीपी के अंतर्गत पंजाब में कुल 3 वस्त्र पार्कों को अनुमोदित किया गया है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

क्र. सं.	**पार्क का नाम**	**जिला**	**भारत सरकार का हिस्सा (करोड़ में)**	**जारी कुल सरकारी अनुदान (करोड़ में)**	**स्थिति**
1.	लुधियाना, एकीकृत वस्त्र पार्क लि., लुधियाना, पंजाब	लुधियाना	40.00	36.00	निर्माणाधीन
2.	लोटस एकीकृत टेक्स पार्क बरनाला, पंजाब	बरनाला	40.00	40.00	पूर्ण
3.	रिदम टेक्सटाइल और अपैरल पार्क लि., नवांशहर, पंजाब	नवांशहर	40.00	36.00	निर्माणाधीन

*****